## प्रमुख घटना और उपलब्धि

## (मार्च 2021)

**1. फ्लैगशिप कार्यक्रमों की प्रगति:**

1.1 105147 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) को अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 22.03.2021 तक इनमें से 70221 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र प्रचलन में लाए जा चुके हैं, जबकि मार्च, 2021 तक 70,000 केद्रों को प्रचालन में लाने का लक्ष्य था।

1.2 मार्च, 2021 माह के दौरान, 14 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) की बैठकों का आयोजन किया गया।

**2. वैधानिक एवं विनियामक उपायः**

2.1 संबद्ध एवं स्वास्थ्य परिचर्या शिक्षा के अभी तक अनियमित क्षेत्र में सुधार करने और उसे विनियमित करने के लिए दिनांक 24 मार्च, 2021 को संसद द्वारा राष्ट्रीय संबद्ध एवं स्वास्थ्य परिचर्या व्यवसाय आयोग विधेयक, 2021 को पारित किया गया। भारत के राष्टपति की सहमति के उपरान्त राष्ट्रीय संबद्ध एवं स्वास्थ्य परिचर्या व्यवसाय आयोग अधिनियम, 2021 को दिनांक 28 मार्च, 2021 को पारित भी किया जा चुका है।

2.2 दिनांक 25.03.2021 को मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (संशोधन) अधिनियम, 2021 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया जा चुका है।

**3. सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए कोविड टीकाकरण**

3.1 भारत सरकार की नीति के अनुसार, सभी नामित सरकारी सुविधा केन्द्रों पर कोविड-19 वैक्सीन निःशुल्क प्रदान की जा रही है। निजी अस्पताल प्रति खुराक 250/- रुपए शुल्क ले रहे हैं। सीजीएचएस लाभार्थी सभी निजी अस्पतालों पर स्वयं को टीका लगवाने के लिए स्वतंत्र है। तथापि, ऐसे मामलों में, वे निजी अस्पतालों को प्रदत्त शुल्क की प्रतिपूर्ति हेतु दावा नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा, ऐसे मामलों में सीजीएचएस आरोग्य केन्द्रों से निजी अस्पतालों को रेफर किए जाने की आवश्यकता है।

3.2 कोविड-19 टीकाकरण संबंधी योजना और परिचालन संबंधी पहलू राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। जिला स्वास्थ्य प्राधिकारी चिह्नित सुविधा केन्द्रों को प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक्स, वैक्सीनेटर्स तथा वैक्सीन प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों की सूची तैयार करने हेतु व्यवस्था कर रहे हैं जहाँ कोविड-19 टीकाकरण केन्द्रों की योजना बनाई जा रही है तथा शुरू किए जा रहे हैं। सभी राज्यों से अनुरोध किया गया है कि वे यदि व्यवहार्य हो तो सीजीएचएस आरोग्य केंद्रों का उपयोग सीवीसी (कोविड टीकाकरण केन्द्र) के रूप में करने पर विचार करें।

**4. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण**

4.1 आपके द्वार आयुष्मान अभियान 10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र में सफलतापूर्वक चल रहा है और इसके परिणामस्वरूप मार्च, 2021 में 1.5 करोड़ से अधिक लाभार्थियों का सत्यापन हुआ है।

4.2 मार्च 2021 माह में एबी-पीएमजेएवाई के कार्यान्वियन के लिए केन्द्रीय शेयर के रूप में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कुल 896.56 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

4.3 उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखण्ड, जम्मू और कश्मीर तथा अन्य संघ राज्य क्षेत्रों में नई डिजाईन के आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं।

4.4 सम्पूर्ण देश में चिह्नित शीर्ष 256 अस्पतालों में से 176 अस्पतालों को पैनलबद्ध किया गया है।

4.5 वर्तमान तिथि तक, 100 बिस्तर वाले चिह्नित 1270 निजी अस्पतालों में से कुल 765 अस्पतालों को पैनलबद्ध किया जा चुका है।

**5. विविध:**

5.1 माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में विद्यालय जाने वाले 13-15 वर्ष की आयु के बच्चों में किए गए वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वेक्षण (जीवाईटीएस-4) के चौथे चक्र की नेशनल फैक्ट शीट और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की प्रबंधन सूचना प्रणाली/ऑनलाईन रिपोर्टिंग की समीक्षा करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया।

5.2 दिनांक 24 मार्च, 2021 को माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री द्वारा विश्व टीबी दिवस मनाया गया और टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई। विश्व टीबी दिवस के अवसर पर, दिनांक 18 मार्च, 2021 से 25 मार्च, 2021 तक एनडीटीबीसी पर विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। इसके अलावा, इस वर्ष एसपीवाईएम(सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ यूथ एंड मॉसेज) के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें बच्चों को भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। विभिन्न क्रियाकलापों जैसे टीबी के संबंध में चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुरानी दिल्ली के हौज़ काज़ी क्षेत्र में एक सामुदायिक बैठक का भी आयोजन किया गया जिसके माध्यम से समुदाय को क्षय रोग, इसके उपचार एवं रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया।

5.3 केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने दिनांक 24 मार्च, 2021 को डॉ. अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र, नई दिल्ली पर विश्व टीबी दिवस के कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय क्षय एवं श्वसन संस्थान (एनएफटीआरडी) ऐप लांच किया।

5.4 इसके अलावा, माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, माननीय जनजातीय कार्य मंत्री और माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने दिनांक 26 मार्च, 2021 को जनजातीय टीबी पहल की शुरूआत की।

5.5 राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के 5वें चक्र के क्रियाकलाप चल रहे हैं। देश के 707 जिलों (मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार) के लिए राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरीय अनुमानों पर सर्वेक्षण अटेम्पटिंग अनुमानों के क्षेत्र को देखते हुए, अनुमानित 6.09 लाख परिवारों के नमूनों पर सर्वेक्षण किया जा रहा है।

5.6 दिनांक 02.03.2021 को माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान की 42वीं जनरल कांउसिल की बैठक का आयोजन किया गया।

5.7 दिनांक 01.03.2021- 02.03.2021 के दौरान पीआरसी, लखनऊ विश्वविद्यालय में जनसंख्या अनुसंधान केन्द्र की 5वीं प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य

मंत्री ने "पीआरसी लोगो" पीआरसी वेबसाईट, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत कार्यक्रम मूल्यांकन: नीति हेतु साक्ष्य" नामक शीर्षक से पीआरसी संबंधी सार-संग्रह, पीआरसी न्यूजलेटर (अक्टूबर- दिसम्बर, 2020) और "मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य परिचर्या सेवा प्रदायगी सर्वेक्षण कोविड-19 महामारी: राजस्थान का एक अध्ययन" नामक शीर्षक से एक पुस्तक लांच की।

******